14.04.2025 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 7.10PM

प्रादेशिक समाचार

**मुख्य समाचार**

**1-** प्रधानमंत्री ने कहा हमारी सरकार की यात्रा का आधार है बाबा साहब का जीवन संदेश।

**2-** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अंबेडकर की जन्मस्थली जाकर दी श्रद्धांजली।

**3-** नरवाई जलाने पर सख्त हुआ प्रशासन, कई जिलों में जारी किये गये आदेश।

**4-** खेलों के लिए उपलब्धियों से भरा रहा आज का दिन, तीरंदाजी में धीरज ने जीता रजत पदक।

**प्रधानमंत्री–अंबेडकर**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि राष्ट्र आज बाबा साहेब को श्रद्धाजंलि दे रहा है और उनके आदर्श सरकार का हमेशा मार्गदर्शन करते रहेंगे। हरियाणा के हिसार में आज एक जनसभा को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों से बाबा साहब का जीवन, उनका संघर्ष और उनका शाश्वत संदेश सरकार की यात्रा का आधार रहा है।

प्रधानमंत्री ने वक्फ कानून में किए गए हाल के परिवर्तनों को बचाव करते हुए कहा कि इनसे गरीब मुस्लिमों को फायदा होगा और जनजातीय भूमि को संरक्षण मिलेगा।

**अंबेडकर जयंती प्रदेश**

भीमराव आंबेडकर जयंती के मौके पर प्रदेश के कई जिलों में आयोजन किये गए। कटनी में भी धूमधाम और उत्साह के साथ विशाल रैली निकाली गई, जिसमें 'जय भीम' के नारों का जयघोष हुआ। नीमच जिले में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उद्देशिका का वाचन कर संविधान की रक्षा का संकल्प लिया। रायसेन जिला भाजपा कार्यालय जिले भर में प्रत्येक पोलिंग बूथ स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। शिवपुरी के वार्ड क्रमांक 25 में भाजपा जिला अध्यक्ष जसवंत जाटव ने संविधान का वाचन किया। सागर केन्द्रीय जेल में आजीवन कारावास की सजा से दंडित 9 बंदियों को सजा में छूट का लाभ प्रदाय कर रिहा किया गया। उधर, झाबुआ जिले में बाबा साहब की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। सीहोर में 'अंबेडकर उपवन' का लोकार्पण किया। बैतूल में अंबेडकर चौक पर स्थित प्रतिमा पर केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने श्रद्धांजलि अर्पित की। खंडवा से मिली रिपोर्ट के अनुसार जिले में अलग–अलग स्थानों पर डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती मनाई गई और संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया।

**मुख्यमंत्री आंबेडकर जयंती**

संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 134वीं जयंती के मौके पर पूरे प्रदेश में श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बाबा साहब की जन्मस्थली डॉ. अंबेडकर नगर (महू) में पहुंचे और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। श्री यादव ने बाबा साहब के अस्थि कलश के दर्शन भी किए। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने 20वीं शताब्दी में ऐसे

अनेक उल्लेखनीय कार्य किए, जिनसे 1000 वर्ष की गुलामी की विसंगतियां दूर हुईं। इन्हीं के आधार पर आज भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश बना है।

## फसल अवशेष (नरवाई)

प्रदेश में गेहूं, सरसों की फसल कटाई लगभग पूर्ण हो चुकी है। ऐसे में अब फसलों के अवशेष यानि नरवाई जलाने की घटनाएं सामने आ रही हैं। इस आगजनी से जहां पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है, वहीं जंलगों तक आग फैल रही है। मिट्टी की उर्वर क्षमता भी घट रही है। ऐसी घटनाओं से निपटने के लिए प्रशासन ने सख्ती बरतना प्रारंभ कर दिया है। आगरमालवा कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने निर्देश दिये हैं कि नरवाई जलाने वाले किसानों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। इधर, इंदौर जिले में नरवाई जलाने पर 24 किसानों के विरुद्ध एक लाख 32 हजार रुपये का अर्थ दंड लगाया गया है। यह कार्रवाई आगामी दिनों में निरन्तर जारी रहेगी। वहीं, छतरपुर कलेक्टर पार्थ जायसवाल ने सम्पूर्ण जिले में नरवाई जलाने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा है कि किसान भाई  खेतों में आग नहीं लगाएं। अगर आदेश का उल्लंघन किया तो कार्रवाई की जाएगी।

## खेल खबरें

अमेरिका के फ्लोरिडा में तीरदांजी विश्व कप–2025 में भारत के धीरज बोम्मदेवरा ने रजत पदक जीता। यह इस प्रतियोगिता में धीरज का दूसरा पदक भी है। इस जीत के साथ भारत में तीरदांजी विश्व कप में कुल चार पदक जीते हैं, जिसमें एक स्वर्ण, एक रजत और दो कास्य पदक हैं। वहीं, टेबल टेनिस में चीन के मकाउ में महिला सिंगल्स वर्ग में भारतीय खिलाड़ी मनिका बत्रा और श्रिजा अकुला ने आईटीटीएफ विश्वकप–2025 में शुरूआत जीत के साथ की। उधर, हॉकी इंडिया ने आज पर्थ हॉकी स्टेडियम में 26 अप्रैल से चार मई तक होने वाली प्रतियोगिता में ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए 26 सदस्यीय महिला टीम की घोषणा कर दी है। कप्तान मिडफील्डर सलीमा टेटे और उप कप्तान नवनीत कौर होंगी। इधर, बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने आज खेलो इंडिया युवा खेल– 2025 के शुभंकर और लोगो का अनावरण किया। खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 का आयोजन 4 मई से 15 मई तक बिहार के विभिन्न शहरों में किया जाएगा। इसके तहत 18 अलग–अलग इवेंट आयोजित किए जाएंगे।

## मौसम

मध्यप्रदेश के मौसम में बदलाव देखे जा रहे हैं। राज्य में पिछले 24 घंटे के दौरान भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, रीवा, जबलपुर, शहडोल और सागर संभाग के जिलों में बारिश हुई। जबलपुर और सागर में तेज हवाएं चलीं। मौसम विभाग ने कल एक दर्जन से अधिक जिलों में बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है। इसके साथ ही  सिवनी, सिंगरौली, अनूपपुर, डिंडौरी, बालाघाट और छिंदवाड़ा सहित कई जिलों में बारिश और झंझावात चलने की चेतावनी जारी की है।

समाचार संक्षिप्त में...

- सागर जिले में माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल की कक्षा दसवीं एवं 12वीं की 2 लाख से अधिक उत्तर पुस्तिकाओं का 700 से अधिक शिक्षकों के द्वारा मूल्यांकन कार्य किया जा रहा है।
- जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पूरे प्रदेश में जल संरक्षण के कार्य किये जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में कल आगरमालवा जिले के सुसनेर में विकासखंड स्तरीय कलश यात्रा निकाली गई।
- शहडोल जिले के पंडित एसएन शुक्ल विश्वविद्यालय को पीएम उषा योजना के तहत विकास कार्यों के लिए 20 करोड़ रुपए दिए गए हैं। विश्वविद्यालय प्रबंधन नए और पुराने कैंपस में भवन निमार्ण की कार्य योजना बनाई है।
- झाबुआ जिले के अंतर्गत समस्त उत्सव, आयोजन के दौरान लाउड स्पीकर, डीजे, बैण्ड, प्रेशर हार्न तथा अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग अनुमति के बगैर प्रतिबंधित किया गया है।
- सीहोर जिले में भी सीएम राइज स्कूलों में सत्र 2025–26 के लिए नवीन प्रवेश नीति जारी की गई है। एक किलोमीटर की परिधि में स्थित शासकीय स्कूलों में अध्ययनरत अथवा निवासरत विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा।
- नवसंवत्सर विक्रम संवत 2082 की शुभ बेला पर अखिल भारतीय साहित्य परिषद् भोपाल इकाई के तत्त्वावधान में 'शक्ति सम्मान' समारोह का आयोजन कल शाम 4 बजे बजे विश्व संवाद केन्द्र भोपाल में किया जाएगा।
- दतिया में दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। सरस्वती ज्ञान मंदिर के मैदान में आयोजित प्रतियोगिता में 20 टीमों ने भाग लिया। बालक वर्ग में जौरा भांडेर की टीम प्रथम स्थान पर रही।